राजस्थान सरकार
निर्वाचन विभाग

क्रः एफ. 3/III-A/ELEC./EPIC-VII/Gen./11/1609 **जयपुर, दिनांक :- 07-05-2013**

प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर ।

प्रेषिति : मे॰ नैचुरल साफ्टवेयर्स प्रा. लि.
सी–12/ए, पृथ्वी अपार्टमेंन्ट, पृथ्वीराज मार्ग,
सी–स्कीम, जयपुर

विषय : निरन्तर अद्यतन के दौरान प्राप्त नये मतदाताओं के प्रपत्र संख्या 6 के पहचान पत्रों के संबंध में।

प्रसंग : आपका ई मेल दिनांक 3.05.2013

उपरोक्त विषयान्तर्गत मतदाता फोटो पहचान पत्र कार्यक्रम **फेज -VII** के अन्तर्गत संपादित अनुबंध की **शर्त संख्या 1(2)** एवं **8** के प्रावधानानुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नये मतदाताओं से प्राप्त **प्रपत्र संख्या 6** की प्रविष्ठियों को कम्प्यूटरीकरण कर तथा फोटोग्राफ्स को स्केन कर संबंधित मतदाताओं के पहचान पत्र तैयार कर आपूर्ति किये जाने हैं तथा शर्त संख्या **1(9)** के प्रावधानानुसार तैयार पहचान पत्रों की भागवार **"चैक लिस्ट"** पूरक के प्रारूप में आपूर्ति की जानी है। विभागीय पत्रांक 1990 दिनांक 30.06.2011 के द्वारा **"चैक लिस्ट"** का प्रारूप आपको पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है।

आपके द्वारा मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान, 2012 के पश्चात निरन्तर अद्यतन के दौरान दिनांक 5 से 15 जनवरी, 2012 तक चले विशेष अभियान तथा जुलाई **2012** में **घर – घर सर्वे के दौरान नाम जोडने के लिये प्राप्त आवेदन पत्रों के** पहचान पत्र एवं चैक लिस्ट तदनुसार तैयार कर आपूर्ति की गई है।

अतः आपको निर्देर्शित किया जाता है कि पूर्वानुसार निरन्तर अद्यतन के दौरान नये मतदाताओं से प्राप्त प्रपत्र संख्या 6 के आधार पर ही मतदाताओं के पहचान पत्र एवं इनकी चैक लिस्ट तैयार कर संबंधित कार्यालय को आपूर्ति करावें।

(पी.सी.गुप्ता)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर ।

क्रः एफ. 3/III-A/ELEC./EPIC-VII/Gen./11/1609 **जयपुर, दिनांक :- 07-05-2013**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है

1. समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर्स), राजस्थान
2. मै. मल्टीवेव इनोवेशन, बी–4, गणपति प्लाजा के पीछे, जयपुर
3. मैं. बाईनरी सिस्टम्स, बी–6, अक्षत अपार्टमेन्ट, बिहारी मार्ग, बनीपार्क, जयपुर
4. मै. बिजनेस इन्फोरमेशन प्रोसेसिंग सर्विसेज, 128, विद्युत नगर बी, क्वींस रोड, जयपुर
5. मै॰ जैम कम्प्यूटर्स, बी–2, अक्षत अपार्टमेंन्ट, बीहारी मार्ग, बनीपार्क जयपुर

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर ।